इंटर्नशिप रिपोर्टरिपोर्ट 2017-2019

श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय की बीएड सत्र 2017-2019 के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों का इंटर्नशिप चार माह अथवा 16सप्ताह दिनांक 03.09.2018 से दिनांक 03.01.2019 तक जनपद बलिया के विभिन्न स्कूलों में यथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवकली, जूनियर हाईस्कूल हरपुर, कुंवर सिंह इंटर कॉलेज बलिया में सकुशल संपन्न हुआ । इस कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने छात्राध्यापक एवं छात्राध्यापिका के रूप में विभिन्न कक्षाओं (कक्षा 6 से 8 तक) शिक्षण अभ्यास किया । इसमें उन्होंने अपने पाठ्यक्रम के अनुसार दो विषयों का चयन कर प्रत्येक से 20 -20 कुल 40 अदद पाठ योजनाओं का निर्माण कर कक्षा में शिक्षण अभ्यास किया ।

इंटर्नशिप के दौरान ही प्रतिभागियों ने शिक्षण सहायक गतिविधियों एवं पाठ्य सहगामी क्रियाओं यथा प्रार्थना सभा ,राष्ट्रीय गान, राष्ट्रीय पर्व व धार्मिक पर्व का आयोजन, गीत - संगीत , पहेली, अंत्याक्षरी, क्विज प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता,परीक्षा, मूल्यांकन ,योगा,भ्रमण, खेलकूद इत्यादि में प्रतिभाग किया।

समस्त प्रतिभागियों को समावेशी एवं एकीकृत शिक्षा के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया गया । मूल्यांकन के विभिन्न आयामों को आसान तरीके से समझाया गया। छात्राध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं के समस्त गतिविधियों का निरीक्षण विद्यालय के विषय संबंधित अध्यापकों एवं प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया । इंटर्नशिप का पर्यवेक्षण अपने कालेज श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग प्रभारी डॉक्टर ओंकार सिंह, डॉक्टर रमाकांत सिंह , डॉक्टर संजय कुमार सरोज और भारतेन्दु मिश्रा द्वारा किया गया । इस प्रकार यह इंटर्नशिप कार्यक्रम ससमय सकुशल संपन्न हुआ।

धन्यवाद